न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा-पत्र

उनवान .... अशफाक .... बनाम .... आमना ....

किस्म मुकदमा .... धारा - 225 .... अपील संख्या 183/2011 (2011/00032)

अभिभाषक अपीलान्ट .... श्री नरेन्द्र गुप्ता .... अभिभाषक रेस्पोडेन्ट .... [illegible] ....

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
7.4.25	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक रेस्पोडेंट अनुपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। यह अपील अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी छीपाबडौद के प्रकरण संख्या 42/2011/प्रार्थना पत्र बउनवान आमना बनाम अशफाक वगैरह निर्णय दिनांक 23.05.2011 के विरूद्ध इस न्यायालय में पेश की गयी है। इस न्यायालय द्वारा रेकार्ड तलब किया गया। प्रभारी अधिकारी जिला अभिलेखागार (रिकार्ड) कलेक्ट्रेट बारां के पत्रांक 31 दिनांक 17.07.2023 के द्वारा सहवन से इस प्रकरण के मूल दावे की पत्रावली इस न्यायालय को प्राप्त हुई। मूल दावे से संबंधित अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि इस अपील से संबंधित मूल दावा अधीनस्थ न्यायालय में दिनांक 25.04.2013 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज हो चुका है। अतः इस न्यायालय में जैरकार अपील संख्या 183/2011 (2011/00032) प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के मूल दावे का निस्तारण दिनांक 25.04.2013 को हो जाने के कारण इस अपील को कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः यह अपील निष्प्रभावी होने के कारण इसी स्टेज पर खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (दीप्ति रामचन्द्र मीना) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी ★ कोटा ★

न्यायालय पुनर्वास अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा

श्री नरेन्द्र गुप्ता एड. द्वारा ... प्रस्तुत
20.7.2011

1- अशफाक
2- उस्मान
3- यूसुफ

पिसरान स्वर्गीय इस्माइल खाँ, जाति मुसलमान, निवासीगण ~~मुहल्ला~~ हाट मोहल्ला ... के मकान के पास छीपाबड़ौद, तहसील छीपाबड़ौद, जिला बारां

--- अपीलान्ट्स

- बनाम -

1- आमना आत्मजा इस्माइल खाँ पत्नि श्री अशफाक जी, जाति मुसलमान, निवासी ग्राम छीपाबड़ौद, तहसील छीपाबड़ौद, जिला बारां

2- दी स्टेट आफ राजस्थान जरिये राजकीय अभिभाषक कोटा

--- रेस्पोंडेन्ट्स

अपील अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान टीनेन्सी एक्ट 1955 बनाराजी आदेश दिनांक 23-5-11 न्यायालय उपजिला कलेक्टर, छीपाबड़ौद बउनवानी मुकदमा आमना बनाम अशफाक वगैरा प्रकरण संख्या 42/11 प्रार्थना पत्र धारा 212 राज०टी०एक्ट

मान्यवर,

अपील निम्न कारणों से अवधि मध्य प्रस्तुत है :-

1- यह कि हुकम जेर अपील कानून, न्याय एवम् तथ्यों के सर्वथा विपरीत है।

2- यह कि अधीनस्थ न्यायालय ने ग्राम छीपाबड़ौद